मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–17, अंक–18, सितम्बर 2017

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## विकास, वृद्धि और समृद्धि




देश की इंफ्रास्ट्रक्चर की अग्रणी कंपनी कामधेनु लिमिटेड ने सही अर्थों में विकास के मूल मंत्र को आत्मसात किया है। कंपनी ने कुशल प्रबंधन के जरिए प्रतिकूल परिस्थितियों में भी लगातार वृद्धि की है। ये वृद्धि चहुंमुखी विकास के तौर पर भी हुई। जहां कंपनी अपने पोर्टफोलियो में लगातार अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्पादों को जोड़ते जा रही है वहीं अपने डिस्ट्रीब्यूटर चैनल में भी निरंतर विस्तार कर रही है। कामधेनु लिमिटेड के नीति निर्धारक भी इसे आज संयुक्त प्रयास के तहत बढ़ती समृद्धि के तौर पर देख रहे है।

इस समूचे प्रयास को कंपनी ने वित्तीय परिणामों से भी प्रदर्शित किया है। कंपनी ने चालू वित्तीय वर्ष 2017–18 की पहली तिमाही में शानदार कारोबार करते हुए लगभग 45 प्रतिशत का जबरदस्त मुनाफा दर्ज किया है। इस आधार पर कंपनी का पहली तिमाही में 276 लाख रुपये का मुनाफा हुआ। जबकि कंपनी ने पिछले वर्ष की समान तिमाही में 191 लाख रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। भारतीय बाज़ार में कंपनी की बढ़ती हिस्सेदारी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अप्रैल–जून की तिमाही में कंपनी की संपूर्ण आय में 22 फीसदी से ज्यादा का इजाफा हुआ। कंपनी की सकल आय 236 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष लगभग 192 करोड़ रुपये थी।

कंपनी का यह विकास बेहतर प्लानिंग का परिणाम है। जिसके तहत कंपनी देश की वर्तमान और भावी जरूरतों के मुताबिक अपने उत्पादों का निर्माण कर रही है। साथ ही कंपनी ने देश की महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे स्मार्ट सिटी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नये लक्ष्यों का निर्धारण किया है। अगले 5 वर्षों में इन योजनाओं में लगभग 10–15 करोड़ मीट्रिक टन टीएमटी बार व इस्पात उत्पादों की आवश्यकता होगी, जिसे कंपनी एक अवसर के रूप में देख रही है।

कंपनी के तिमाही नतीजों से उत्साहित कामधेनु लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, ''हमने अपनी प्रबंधकीय क्षमता से बाज़ार में आने वाले सभी बदलावों को कंपनी के पक्ष में बदला है इसी का नतीजा है कि हम भारतीय बाज़ार में लगातार विकास कर रहे हैं। आने वाले अगले पांच सालों में हम अपनी संयुक्त उत्पादन क्षमता को 25 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 50 लाख मीट्रिक टन तक करेंगे।'' श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि, अपनी तुरंत निर्णय लेने की क्षमता और इनोवेटिव तकनीक के उपयोग से हम टीएमटी क्षेत्र में मार्किट लीडर बनकर उभरे हैं जिसमें हमारे डीलर्स का अमूल्य योगदान है। वर्तमान में करीब 6500 डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और 69 फ्रेंचाइजी पार्टनर हैं। जिनकी संख्या में आने वाले 5 सालों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की उम्मीद है। और हमें पूरा विश्वास है हम इसे भी प्राप्त कर लेंगे।

# पब्लिक ट्रांसपोर्ट को मिलेगी बुलेट की रफ़्तार



देश में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को नई गति देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जिस महत्वकांक्षी सपने को देखा था। उस सपने को मूर्त रूप देते हुए प्रधानमंत्री ने अपने जापानी समकक्ष शिंजो अबे के साथ 14 सितंबर को बुलेट ट्रेन का शिलान्यास कर दिया। मुम्बई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन के नाम से जाने जानी वाली यह परियोजना 508 किलोमीटर लंबी है और इस परियोजना में लगभग 1.08 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। भारी भरकम बजट वाली इस परियोजना की सबसे खास बात यह है कि परियोजना की लागत का 80 फीसदी राशि जापान सरकार ऋण के रूप में दे रही है। जापान सरकार द्वारा दिया जाने वाला यह ऋण बहुत ही मामूली ब्याज 0.1 प्रतिशत पर दिया गया है। जिसका रीपेमेंट 15 वर्षों के बाद शुरू होगा और  जिसे 50 वर्षों में चुकाना होगा।

मुम्बई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना का 92 प्रतिशत रूट एलिवेटेड, 6 फीसदी सुरंग और 2 फीसदी जमीन पर होगा। मुम्बई से अहमदाबाद के बीच इसमें 12 स्टेशन मुम्बई, ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, बड़ोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती होंगे। 508 किमी लंबे इस सफर को पूरा करने में मात्र 2.58 घंटे लगेंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार बुलेट ट्रेन की गति 350 किलोमीटर प्रति घंटा है मगर इसे 320 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलाया जाएगा।

इस महत्वकांक्षी परियोजना से लगभग 20000 लोगों के लिए नए रोजगार का श्रृजन होगा साथ ही इस परियोजना से 'मेक इन इंडिया' परियोजना को भी बल मिलेगा। भारतीय इंजीनियरों व श्रमिकों को नए कौशल का ज्ञान होगा।

## फाइल फैक्ट

- परियोजना की लागत 110,000 करोड़
- 88,000 करोड़ का कर्ज जापान देगा
- 508 किमी की दूरी 2.58 घंटे में पूरी होगी
- 20000 लोगों के लिए रोजगार के असवर की संभावना



# एक्ट ईस्ट पॉलिसी के साथ म्यांमार से नए रिश्तों की शुरुआत

भारत के नजरिए से बेहद सफल ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने के बाद प्रधानमंत्री मोदी अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर म्यांमार पहुंचे। 5 सितम्बर से 7 सितम्बर तक चले इस दौरे का उद्देश्य भारत की 'लुक ईस्ट पॉलिसी' में बदलाव लाते हुए सुरक्षा और व्यापार के नजरिए से महत्वपूर्ण म्यांमार के साथ द्विपक्षीय रिश्तों को नई मजबूती देना। प्रधानमंत्री ने इस लुक ईस्ट पॉलिसी को नई ऊर्जा देते हुए एक्ट इस्ट पॉलिसी का नया नाम दिया।

मोदी ने म्यांमार को भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का अहम पिलर करार दिया। इस दौरे से मोदी म्यांमार के साथ स्ट्रैटजिक और व्यापारिक रिश्ते मजबूत करते हुए साउथ–ईस्ट एशियाई देशों में भारत की भूमिका बढ़ाने का प्रयास कर रहे है। साथ ही आतंकवाद जैसे मसले पर साझा रोडमैप तैयार करने पर भी बल दिया ताकि आपसी सुरक्षा को बेहतर किया जा सके।

मोदी के इस दौरे से भारत और म्यांमार के बीच रिश्ते बेहतर होने की उम्मीद बढ़ी है। मोदी के इस प्रयास से भारत का गेटवे टू आसियान का रास्ता आसान होने की भी उम्मीद बढ़ गई है। इस दौरे का दूसरा फायदा यह हुआ की इससे यहां पर मजबूत पैठ बना चुके चीन को भी साधने का प्रयास किया गया है। म्यांमार में चीन का द्विपक्षीय व्यापार 9 अरब डॉलर है जबकि भारत और म्यांमार के बीच 2.2 अरब डॉलर का व्यापार है इस दौरे से भारत म्यांमार के बीच व्यापार बढ़ने की उम्मीद भी बढ़ी है।

# पंजाब डीलर्स का सिंगापुर टूर

एशिया के मोस्ट प्रौमिसिंग ब्रांड अवार्ड एवं बेस्ट ग्लोबल ब्रांड अवार्ड से सम्मानित कामधेनु लिमिटेड आज एक विश्वस्तरीय और विश्वसनीय ब्रांड बन गया है। कामधेनु इस भरोसे को बनाए रखने के लिए ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध करा रही है। इसके लिए कंपनी हर स्तर पर बेहतरीन कार्य कर रही है। डिस्ट्रीब्यूटर चैनल एवं उपभोक्ता व्यवहार, सभी को बेहतर ढंग से प्रोत्साहित करते हुए बेहतरीन मॉडल को पेश किया है। अपने सफल बिजनेस मॉडल का श्रेय कंपनी अपने डीलर्स को भी देती है और उन्हें हमेशा परिवार के एक सदस्य के रूप में देखती है। कामधेनु लिमिटेड हमेशा यह प्रयास करती है की जिस तरह से डीलर्स के सहयोग से कंपनी लगातार विकास के नए किर्तीमान गढ़ते जा रही है उसी तरह हमारे डीलर्स भी लगातार विकास करे और कंपनी के साथ खुशी का अनुभव करे।

कामधेनु हमेशा ही मानती है कि नये विचारो के साथ विकास की नई परिभाषा लिखी जाती है। ये बाते ही सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बनती है। इसलिए कंपनी डीलर्स को देश–विदेश के टूर पैकेज देती है ताकि कंपनी के डीलर्स देश–विदेश में हो रहे इनोवेटिव डेवलपमेंट से प्रभावित होकर नई ऊर्जा से और बेहतर कार्य करने का प्रयास करे। और डीलर्स इसे सिर्फ एक इंसेटिव के तौर पर न लेकर 'सोर्स–ऑफ–नॉलेज' की तरह ले एवं विकास को इंजाय करे।

अपने इन उम्दा विचारो के साथ कंपनी ने इस बार पंजाब के 93 डीलर्स को चुना है, जिन्होंने बिजनेस में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। और उन्हें सिंगापुर का खास टूर पैकेज दिया। इस पैकेज के तहत 93 डीलर्स को अपने परिवार के साथ सिंगापुर में तीन रातें और दो दिन गुजारने के साथ मलेशिया के कुआलालम्पुर घुमने का भी बेहतरीन अवसर मिला। इस टूर में सिंगापुर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को शामिल किया गया था। ये पर्यटन स्थल अपने आधुनिक, प्राकृतिक, प्राचीन शैली एवं इनोवेशन के लिए जाने जाते है।

इस टूर के कई पड़ाव थे जैसे सिंगापुर की नाइट सफारी, खुबसूरत सेन्टेसा बीच, दुनिया का पहला स्टुडियो यूनिवर्सल जो आज भी कार्यरत और सिंगापुर का सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मेर्लियन पार्क इसके साथ ही मलेशिया के शहर कुआलालम्पुर को भी पास से जाना और यहा पर स्मार्ट सिटी के बेहतरीन मॉडल को समझा जो आज भारत में बहुत प्रासंगिक है। इस पूरे मौज–मस्ती भरे टूर का सभी ने अपने परिवार के साथ भरपूर आनंद उठाया। इस बेहतरीन टूर में कामधेनु लिमिटेड के पदाधिकारी श्री हिमांशु शर्मा (वरिष्ठ प्रबंधक, मार्केटिंग), श्री कमल गोयल (डिस्ट्रीब्यूटर) और मोहित सिंगला (डिस्ट्रीब्यूटर) सम्मिलित हुए।




# कामधेनु की पहल, हर निर्माण को मिले बेहतर हल

## कानपुर और उन्नाव में कांट्रेक्टर व राजमिस्त्री मीट आयोजित




देश में निर्माण को नेक्स्ट लेवल की ऊचाई देने के लिए कामधेनु लिमिटेड लगातार नए प्रयास कर रही है। यह प्रयास कंपनी द्वारा हर मोर्चे पर किया जा रहा है। चाहे उच्च गुणवत्ता का नेक्स्ट जनरेशन स्टिल का उत्पादन हो या निर्माण से जुड़े लोगों का मार्गदर्शन व मोटिवेशन। कंपनी सारे काम बखुबी कर रही है। अपने इसी प्रयास के तहत कंपनी ने उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक शहर उन्नाव और कानपुर में राजमिस्त्री व कांट्रेक्टर मीट का आयोजन किया। ये दोनों ही सम्मेलन क्रमशः 2 और 5 अगस्त को आयोजित किए गए। 5 अगस्त को कानपुर में आयोजित किए गए इस कांट्रेक्टर मीट में लगभग 45 कांट्रेक्टर सम्मिलित हुए। यहां कंपनी ने इन्हें बिल्डिंग निर्माण से जुड़ी नई जानकारियों से अवगत कराया और साथ ही अपने बेहतरीन उत्पाद कामधेनु नेक्स्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस में कंपनी के रायबरेली के सभी डिलर्स भी सम्मिलित हुए। इस खास कार्यक्रम को श्री राम चंद्र निशाद, मेसर्स अवधेश स्टील ट्रेडर्स कानपुर ने आयोजित किया।

निर्माण से जुड़े हर व्यक्ति तक निर्माण का बेहतर हल पहुंचाने के उद्देश्य के तहत उन्नाव के मोहद्दीनपुर में 2 अगस्त को राजमिस्त्री मीट आयोजित की गई। इस सम्मेलन में राजमिस्त्रियों ने निर्माण के नए तकनीकी पहलुओं को जाना और **हाई राइज बिल्डिंग** के सुरक्षित निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद की भूमिका को समझा। इस पूरे कार्यक्रम में इन्हें कामधेनु के इनोवेटिव उत्पाद कामधेनु नेक्स्ट की खासियतों को जानने का बेहतरीन अवसर मिला। कामधेनु नेक्स्ट की गुणवत्ता से आश्वस्त होकर राजमिस्त्री इसके उपयोग के लिए प्रतिबद्ध दिखे। इस मीट को श्री संतोष शुक्ला (एजीएम, कामधेनु) और श्री विरेंद्र (मेसर्स रिचा इंटरप्राइजेज, मोहद्दीनपुर, उन्नाव द्वारा आयोजित किया और यहां लगभग 60 राजमिस्त्री सम्मिलित हुए।

2 और 5 अगस्त को आयोजित इन दोनों ही कार्यक्रम में कामधेनु लिमिटेड के पदाधिकारी श्री संतोष शुक्ल (एजीएम), श्री धीरेंद्र साहु (सीनियर एग्जीक्यूटिव), श्री प्रेम जयसवाल (डिस्ट्रीब्यूटर) और मनोज त्रिपाठी सम्मिलित हुए।



RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.09.2017



# कामधेनु स्टील गुजरात के डीलर्स ने की साउथ अफ्रीका की सैर




देश में ग्राहकों को विश्वस्तरीय इस्पात उत्पादों को उपलब्ध कराने के अपने लक्ष्य पर आगे बढ़ते हुए कामधेनु कई महत्वपूर्ण अवार्ड हासिल कर चुकी है। भारतीय इस्पात उद्योग में कंपनी ने अपनी वैश्विक छवी को भी लगातार निखारा है। कंपनी अपने साथ जुड़ने वाले हर व्यक्ति का ख़याल रखती रही है। चाहे ग्राहक हो या डीलर्स सभी के लिए बेहतर स्कीम लाती रही और सभी की खुशियों का खयाल भी रखती रही है ताकि इनमें खुशियों का संचार होता रहे। इसी के तहत किए जाने वाले मोटिवेशनल कार्यो में से एक है विश्व के बेहतरीन पर्यटन स्थलों की सैर। कंपनी ने डीलर्स को अबकी बार साउथ अफ्रीका के टूर का मौका दिया। यह स्कीम उन डीलर्स को दिया गया जिन्होंने कामधेनु के उत्पादों को सुविधा के साथ ग्राहकों तक पहुंचाया है।

इस टूर को कंपनी एक बेहतर इंसेटिव के अलावा मोटिवेशनल प्रक्रिया के तौर पर भी देखती है। जहां इस प्रयास से कंपनी अपने दायित्व को पूरा करती है वहीं डीलर्स को भी अपने टारगेट भी रुचि के साथ पूरा करने में मदद मिलती है। कामधेनु इस तरह के स्कीम देकर अपने डीलर्स को सार्वभौमिक विकास के सिद्धांत को भी समझाना चाहती है। ताकि डीलर्स इससे दुनिया के स्थायी विकास की थीम को समझे और उन बातों के प्रति जागरूक हो जो स्मार्ट सिटी, ग्रीन बिल्डिंग कांसेप्ट और आधारभूत ढांचों के लिए जरूरी है। साउथ अफ्रीका ऐसा ही एक देश है जिसने अपने प्राकृतिक संसाधनों के साथ बेहतर तालमेल जमाते हुए विकास की ऊंचाईयों को छुआ है।

29 अगस्त से 6 सितम्बर तक चले इस यादगार टूर में कंपनी के लगभग 50 डीलर्स सम्मिलित हुए। नौ दिनों तक चले इस पूरे सफर में गुजरात राज्य के सभी डीलर्स ने साउथ अफ्रीका के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की सैर की। इस टूर के आयोजन एवं इसे सफल बनाने में सोमेश्वर इस्पात प्रा. लि., एवं अग्रवाल टीएमटी इण्डस्ट्रीज प्रा. लि. का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डीलर्स ने इस टूर में साउथ अफ्रीका की संस्कृति और डेवेलपमेंट को समझा। इस समझ से उनमें कामधेनु के विश्वस्तरीय उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के प्रति नया नजरिया मिला। जो SS10000 और KAMDHENU NXT की हिस्सेदारी को बाज़ार में बढ़ाने में मदद करेगा।

गुजरात के डीलर्स को प्रोत्साहित करने के लिए फ्रेंचाइजी पार्टनर श्री योगेश पटेल, निदेशक, सोमेश्वर इस्पात प्रा. लि., श्री राजन अग्रवाल एवं प्रदीप अग्रवाल, निदेशक, अग्रवाल टीएमटी इण्डस्ट्रीज प्रा. लि. के अलावा कामधेनु के पदाधिकरी श्री कुंदन सिंह (सीनियर मैनेजर, मार्केटिंग) श्री हितेश शाह, डिस्ट्रीब्यूटर (चिंतन स्टील), श्री आश्रय फुलेत्र (पॉलीमर कार्पोरेशन), श्री निमेश दिलीप गोयल, डिस्ट्रीब्यूटर (गुजराज स्टील), श्री मनोज शाह, डिस्ट्रीब्यूटर (कशिश इंटरप्राइजेज) भी इस टूर में सम्मिलित हुए।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**श्री ओम प्रकाश चौधरी**
**मेसर्स चौधरी हार्डवेयर स्टोर**
नियर घूम चक्कर नवलगढ़
मो. 09414742931

**श्री मैमपाल बिधूड़ी**
**मेसर्स एम.पी. ट्रेडर्स**
एफ–2 / 150, मेन रोड,
संगम विहार, नई दिल्ली–110062
मो. 9313145898

**श्री कैलाश चन्द सोमानी**
**मेसर्स बी. एल. सोमानी**
मोटो बाजार, निमबाहेड़ा
मो. 09414395751

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com